दिनांकः 10.05.2025 समय : 12:30 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान लगातार उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आज विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान की आक्रामक कार्रवाई जारी है। पाकिस्तान के हमलों का भारत ने जिम्मेदारीपूर्वक जवाब दिया है। विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का सिरसा हवाई केंद्र को क्षति पहुंचाने का दावा सरासर झूठा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सरकार भी इस दुष्प्रचार का समर्थन कर रही है। सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस को बताया कि पाकिस्तान फर्जी खबरों का सहारा ले रहा है। पाकिस्तानी सेना ने सीमा पर आक्रमक गतिविधियां जारी रखी हैं। लड़ाकू विमान और मिसाइल का इस्तेमाल किया है। नियंत्रण रेखा पर भी भारी गोलीबारी की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने प्रभावी और तुलनात्मक कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया है।

..............

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। आज सुबह बाडमेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और बालोतरा में तेज धमाकों की आवाज सुनी गयी। जिला प्रशासन की ओर से लोगों से घरों में रहने की अपील की गयी है। अलर्ट को देखते हुए सीमावर्ती जिलों के कई शहरों में बाजार बंद करवा दिए गए हैं। लोगों का आवागमन रोका गया है। साथ ही, ग्रामीण इलाकों के नागरिकों से शहरों में नहीं जाने की अपील की गयी है।
बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने एक संदेश के जरिए सभी नागरिकों से तुरंत अपने घर लौटने को कहा है।

.............

राज्य सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में चल रही इस बैठक में सभी दलों के नेता शामिल हुए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने श्रीगंगानगर, बाडमेर, जैसलमेर और बीकानेर जिलों में पंचायतीराज संस्थानों में खाली पदों को भरने के लिए होने वाले उपचुनाव को स्थगित कर दिया है। वहीं 12 मई से प्रदेश के वन क्षेत्रों में वॉटर होल पद्धति से होने वाली वन्यजीव गणना भी स्थगित कर दी गई है। अब ये गणना अगली पूर्णिमा पर होगी।

...............

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगने वाली ये इस साल की दूसरी लोक अदालत होगी। इसके लिए जिला स्तर पर 476 बैंचों का गठन किया गया है। लोक अदालतों के माध्यम से पांच लाख से ज्यादा मामलों को आपसी राजीनामे से निपटाने का लक्ष्य रखा गया है।

..................

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान 11 स्वर्ण और चार रजत सहित 21 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। राजस्थान ने साइक्लिंग में 6, शूटिंग में 3 और जूडो में 2 स्वर्ण पदक हासिल किये हैं। वहीं जूडो, तिरंदाजी, तैराकी और साइक्लिंग में एक–एक रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र 24 स्वर्ण सहित 66 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर **1800–11–7800** के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं **नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम** के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

..................